पत्रांक-भ030वि0/यो0(मोति0)विशेष-33/2022....................../

**बिहार सरकार**

**भवन निर्माण विभाग**

प्रेषक,

**राजेश कुमार सिंह,**
सरकार के अपर सचिव।

सेवा में,

**महालेखाकार, बिहार,**
वीरचन्द पटेल पथ, पटना।

पटना, दिनांकः-

विषयः- 2000 क्षमतायुक्त प्रेक्षागृह, मोतिहारी के मैनेजमेन्ट, हाउसकीपिंग रख रखाव एवं अन्य सेवाओं (तृतीय वर्ष 11 मार्च-2026 से 27 जुलाई-2026 के लिए) हेतु अवशेष राशि ₹68,96,306/- (अड़सठ लाख छियानबे हजार तीन सौ छ रूपये) मात्र का वित्तीय वर्ष 2026-27 में व्यय की स्वीकृति के संबंध में।

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयक कार्य हेतु अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, मोतिहारी के पत्रांक-924 अनु0 दिनांक-07.11.2025 से प्राप्त अधियाचना के आलोक में विभागीय प्रशासनिक स्वीकृत्यादेश सं0-275(भ) दिनांक-10.12.2025 द्वारा विषयांकित कार्य हेतु वित्तीय वर्ष 2025-26 में कुल राशि ₹1,81,09,097/- (एक करोड़ एकासी लाख नौ हजार संतानबे रूपये) मात्र की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गयी थी।

2. इस कार्य पर व्यय की जानेवाली राशि "मांग संख्या-03 के मुख्य शीर्ष-2059-लोक निर्माण कार्य-उपमुख्य शीर्ष-80-सामान्य-लघुशीर्ष-053-रख रखाव तथा मरम्मत-उपशीर्ष-0001-अनुरक्षण और मरम्मत-मतदेय विपत्र कोड-03-2059800530001 के विषयशीर्ष-27-लघु कार्य-0001.27.02-अनुरक्षण एवं मरम्मत के अंतर्गत वर्त्तमान वित्तीय वर्ष 2026-27 में उपबंधित राशि से विकलनीय होगा।
3. उक्त कार्य हेतु कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, मोतिहारी के पत्रांक-486 अनु0 दिनांक-13.04.2026 से पुनः प्राप्त अधियाचना के आलोक में प्रशासनिक स्वीकृति की राशि ₹1,81,09,097/- में से ₹1,12,12,791/- मात्र राशि एजेंसी को भुगतान करने के पश्चात् अवशेष राशि ₹68,96,306/- (अड़सठ लाख छियानबे हजार तीन सौ छः रूपये) मात्र का व्यय उसी बजट शीर्ष के तहत वर्त्तमान वित्तीय वर्ष 2026-27 के उपबंधित राशि से किये जाने की स्वीकृति प्रदान की जाती है।
4. इस राशि के निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, मोतिहारी होंगे।
5. इस राशि की निकासी जिला कोषागार, मोतिहारी से की जायेगी। निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी का यह दायित्व होगा की वे राशि के व्यय के पूर्व एजेंसी द्वारा इस कार्य के संबंध में संतुष्ट हो कर नियमानुसार भुगतान करेंगे।
6. प्रस्ताव में विभागीय सचिव का आदेश प्राप्त है।
7. प्रारूप पर आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति प्राप्त है।

विश्वासभाजन,

ह0/-

(राजेश कुमार सिंह)
सरकार के अपर सचिव।

ज्ञापांक- पटना, दिनांक-

प्रतिलिपि-वित्त विभाग (बजट शाखा) एवं कोषागार पदधिकारी, जिला कोषागार, मोतिहारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह0/-

सरकार के अपर सचिव।

ज्ञापांक- 13 (अ) पटना, दिनांक- 7/5/26

प्रतिलिपि-आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, भवन निर्माण विभाग, पटना/मुख्य अभियंता(उत्तर), बिहार/निदेशक अनुश्रवण/अभियंता प्रमुख के सचिव प्रावैद्यिक/अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, मोतिहारी/उप निदेशक-1 एवं 2/कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, मोतिहारी/बजट पदाधिकारी/प्रशाखा पदाधिकारी(बजट)/माननीय मंत्री के आप्त सचिव/सचिव के प्रधान आप्त सचिव/आई0टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, बिहार पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सरकार के अपर सचिव। 6/5/26